लगवा दे मईया लाटरी दस करोड़ की

लगवा दे मईया लाटरी

लगवा दे, मईया...जय हो ॥
लगवा दे, मईया लाटरी, दस करोड़ की ॥
सुना है, दर से, तुम तो किसी को, ख़ाली, नहींयों मोड़ती,
झोलियाँ, सब की, भर देती हो, दिल, न किसी का, तोड़ती,
लगवा दे, मईया...जय हो ॥ लाटरी, दस करोड़ की ॥

सच्चे, करदे, सपने मेरे ।
गुण, सदा ही, गाऊँ तेरे ॥
हैपी, शानदार है लेनी, बंगला लेना, कार है लेनी ।
बेडा तुम, मंझधार में अपने...जय हो ॥ भक्तों का न छोड़ती,
लगवा दे, मईया...जय हो ॥ लाटरी...

गागर, में तूँ, सागर भरती ।
तूँ, मिटटी को, सोना करती ॥
रंक, को तूँ, राजा बनाती, घड़ी, में सोए, भाग जगाती ।
लालों, को सुख, देने को ही...जय हो ॥ लाल चुनरिया ओढ़ती,
लगवा दे, मईया...जय हो ॥ लाटरी...

मेरी, भी काया, माँ पलटा दे ।
चमत्कार, माँ, मुझे दिखा दे ॥
सिद्ध, मनोरथ, करदे सारे, चमका दे, तकदीर के तारे ।
तुम, तो टूटी, आस की डोरी...जय हो ॥ सदा सदा जी जोड़ती,
लगवा दे, मईया...जय हो ॥ लाटरी...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33311/title/lagva-de-maiya-lottery-das-crore-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |